>

Title: Laid the statement regarding the status of implementation of the recommendations contained in the 11th Report of the Standing Committee on Water Resources on Demands for Grants (2021-22) pertaining to the Department of Drinking Water and Sanitation, Ministry of Jal Shakti.

जल शक्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्रह्लाद सिंह पटेल): सभापति महोदय, मैं पेयजल और स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2021-22) के बारे में जल संसाधन संबंधी स्थायी समिति के 11वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में एक वक्तव्य सभा पटल पर रखता हूं ।

____

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : आप सभी माननीय सदस्यगण से मेरा निवेदन है कि आप लोग अपनी सीट्स पर जाइए, शून्य प्रहर शुरू हो रहा है । अपनी बात रखिए और अन्य माननीय सदस्यों को भी अपना विषय यहां रखने दीजिए ।

… (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Please go back to your seats.

… (*Interruptions*)

माननीय सभापति : डॉ. निशिकांत दुबे ।

… (व्यवधान)

डॉ. निशिकांत दुबे (गोड्डा): सभापति महोदय, मैं इस सदन के सारे सदस्यों का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं, सांसद के तौर पर यह मेरा 13वां साल है । … (व्यवधान) मैं झारखण्ड से आता हूं और कल जिस तरह से … * कहकर

सम्बोधित किया गया, एक महिला सदस्य के द्वारा, तृणमूल कांग्रेस के द्वारा, ऐसा मैंने अपनी लाइफ में कभी नहीं देखा था । ... (व्यवधान)

सर, हमारा दोष क्या है? हमारा दोष यह है कि इस देश को बनाने में एक मजदूर के तौर पर, बिहारी के तौर पर, हिन्दी भाषी के तौर पर, चाहे वे उत्तर प्रदेश के लोग हों, मध्य प्रदेश के लोग हों, राजस्थान के लोग हों, हमने मेहनत की है । हमने श्री राम को शिक्षा दी । यदि बक्सर नहीं होता तो श्री राम पढ़ाई नहीं करते । ... (व्यवधान)

माननीय सभापति : उनका विषय आने दीजिए ।

... (व्यवधान)

माननीय सभापति : इसे नीचे रखिए ।

... (व्यवधान)

डॉ. निशिकांत दुबे : सवाल सिख धर्म का है, गुरु गोबिन्द सिंह जी बिहार में पैदा हुए ।... (व्यवधान) बुद्ध को शिक्षा बिहार में मिली ।...(व्यवधान) जैन धर्म वहां से स्टार्ट हुआ ।...(व्यवधान) जहां मैं पैदा हुआ, ... (व्यवधान)

माननीय सभापति: सभा की कार्यवाही 12 बजकर 30 मिनट तक के लिए स्थगित की जाती है ।

12.05 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Thirty Minutes past Twelve of the Clock.

12.30 hrs

The Lok Sabha reassembled at Thirty Minutes past Twelve of the Clock.

(Shri Rajendra Agrawal *in the Chair*)

… (व्यवधान)

12.30 ½ hrs

At this stage Shri Hibi Eden, Sushri Mahua Moitra and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.

…(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Please, go back to your seats.

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : कृपया सदन की कार्यवाही आगे चलने दीजिए ।

… (व्यवधान)

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल): माननीय सभापति जी, निशिकांत जी की बात अधूरी रह गई है ।… (व्यवधान)

माननीय सभापति : मैं समझता हूँ कि आप अपनी बात काफी कह चुके हैं ।

… (व्यवधान)

श्री अर्जुन राम मेघवाल : माननीय सभापति जी, जीरो ऑवर चल रहा है । माननीय सदस्य बोलना चाहते हैं ।… (व्यवधान) निशिकांत दुबे जी की बात पूरी नहीं हुई है ।… (व्यवधान)

माननीय सभापति: श्री कृष्ण पाल जी, आपकी कुछ पेपर लेईंग है ।

… (व्यवधान)

… (*Interruptions*)

माननीय सभापति : ज़ीरो ऑवर चलने दीजिए ।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : कृपया करके आप लोग अपनी-अपनी सीटों पर जाइए ।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : सभा की कार्यवाही दो बजे तक के लिए स्थगित की जाती है ।

12.32 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Fourteen of the Clock.

14.01 hrs

The Lok Sabha reassembled at One Minute past Fourteen of the Clock.

*(*Dr. (Prof.) Kirit Premjibhai Solanki *in the Chair)*

… (व्यवधान)

14.01 ½ hrs

At this stage Sushri Mahua Moitra, Shri Jasbir Singh Gill, Shri Hibi Eden and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.

…(व्यवधान)

14.02 hrs

माननीय सभापति : माननीय सदस्यगण, नियम 377 के अधीन मामलों को सभा पटल पर रखा जाएगा । जिन सदस्यों को नियम 377 के अधीन मामलों को

आज उठाने की अनुमति दी गई है और जो उन्हें सभा पटल पर रखने के लिए इच्छुक हैं, वे 20 मिनट के भीतर मामले का पाठ व्यक्तिगत रूप से सभा पटल पर भेज दें । केवल उन्हीं मामलों को सभा पटल पर रखा माना जाएगा, जिसके लिए मामले का पाठ निर्धारित समय के भीतर सभा पटल पर प्राप्त हो गया हो । शेष मामलों को व्यपगत माना जाएगा ।

… (व्यवधान)